# कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया : प्रदेश मंत्री चावला

## भाजपा ने आपातकाल के दिन को काला दिवस के रूप में मनाया

■ कांग्रेस की नीति हमेशा से ही लोकतंत्र का गला घोटने की रही है।

**सीकर।** भाजपा ने कांग्रेस सरकार के द्वारा आज ही के दिन 25 जून 1975 को घोषित किये आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। सांवली रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संगोष्ठी आयोजित की गई और उस समय जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिजनों को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक राकेश शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला थे। जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, जिला महामंत्री संजय सैनी, खाटूश्यामजी नगर पालिकाध्यक्ष ममता निठारवाल, गजानंद कुमावत, सहसंयोजक जगदीश कुमावत आदि मंचस्थ रहे।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला ने कहा कि । 49 वर्ष पहले उस समय की कांग्रेस सरकार में प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने कोर्ट द्वारा उनके चुनाव को अयोग्य घोषित किये जाने पर उन्होंने लोकतंत्र का ही गला घोटते हुए संपूर्ण देश में आपातकाल घोषित कर दिया था। जनता के अधिकारों को खत्म कर दिया, समाचार पत्रों पर रोक लगा दी। कहा कि उस समय देश की जनता को जबरन जेलों में डाला गया और तरह-तरह की यातनाएं दी। वही कांग्रेस आज लोकतंत्र को बचाने की बात करती है।

जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 25 जून 1975 को आपातकाल घोषित कर जनता के अधिकारों को खत्म करने का काम किया था। देश की जनता को जबरन जेलों में डाला गया और तरह-तरह की यातनाएं दी गई। उस समय अपने अधिकारों के लिए जेल गये लोकतंत्र सेनानियों को आज भाजपा द्वारा सम्मानित किया गया है। कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने उस समय जो यातनाएं झेली थी उसी का परिणाम रहा कि कांग्रेस को झूकना पड़ा था। कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र को बचाने का काम कर रही है। संगोष्ठी को पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा व पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल देश के लिए कलंक घोषित हुआ था। कहा कि इसी दिन को भाजपा काला दिवस के रूप में मना रही है।




इमरजेंसी को लेकर आयोजित संगोष्ठी को मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला ने सम्बोधित किया।

**लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान :** आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाते हुए लोकतंत्र सेनानी भगवती प्रसाद तिवाड़ी, रामकिशोर शर्मा, अशोक माथुर, विनोद माथुर, चुन्नीलाल, राजेंद्र प्रसाद दीक्षित, शंकर भारती, शांति प्रसाद दीक्षित, पूरणमल दीक्षित, श्रवण कुमार दीक्षित, प्रभुदयाल सैनी, मूलचंद सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, राजकुमार पारीक, कैलाश दीक्षित आदि को सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. बीएल रणवां, गोविंद सैनी, ओमप्रकाश बिजारणियां, जितेंद्र सिंह रानोली, राजकुमार जोशी, नेमीचंद कुमावत, जितेंद्र माथुर, धर्मेंद्र सिंह कुड़ी, बाबुलाल शर्मा, रामसिंह पिपराली, जितेंद्र सिंह कारंगा, अनिता शर्मा, कविता चौधरी, राकेश नेहरा, गोपाल सिंह बडगुजर, उमा सैनी, अंबिका शर्मा, शारदा काबरा, नंदकिशोर सैनी, भंवरलाल जांगिड़, जयसिंह त्रिलोकपुरा, जितेंद्र जांगिड़, सुरेश सैनी, लक्ष्मण सिंह निर्वाण, सरोज कड़वासरा, महेश कुमार वर्मा, गणेश चतेरा, जितेंद्र जोशी, किशनलाल वर्मा, बसंत शर्मा, पायल कुमावत, मुरारीलाल, नंदकिशोर ढीकिया, कंचन, मुन्नीदेवी सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

## जागरूकता शिविर आयोजन

**पाटन।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए संकल्पित है। इस क्रम में नए उद्यिमयों को प्रोत्साहन देने और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए मंगलवार को जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र नीमकाथाना द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना जागरूकता शिविर में 50 उद्यिमयों ने भागीदारी की। पंचायत समिति के सभागार में आयोजित शिविर में डॉ. अंबेडकर उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से नए उद्यम स्थापना के लिए ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया, नियम-शर्तों आदि की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

## शिविर में उद्यिमयों के ऋण आवेदन-पत्र तैयार किए

**बीदासर।** दड़ीबा के छापोला भवन में मंगलवार को स्वर्गीय हड़मान मल करडवाल की पुण्य स्मृति में उनके पुत्रों ने माता पांचू देवी की प्रेरणा से नि:शुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन किया। बाबूलाल करवाडल ने बताया कि शिविर में जयपुर कि शंकरा आई अस्पताल के नेत्र चिकित्सकों द्वारा 256 रोगियों की जांच की गई। जिसमें 42 रोगियों का आखों के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

## किसान गोष्ठी का आयोजन

**सीकर।** कृषि विभाग की आत्मा परियोजना अन्तर्गत पंचायत समिति पिपराली में ''प्राकृतिक खेती'' विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन किसान संगोष्ठी कार्यक्रम सहायक निदेशक कृषि विस्तार के निर्देशन में किया गया। गोष्ठी में प्रगतिशील किसान सांवरमल कुमावत एवं कानसिंह निर्वाण द्वारा प्राकृतिक खेती के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां कृषकों को दी गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा ''प्राकृतिक खेती'' के साथ ही विभागीय योजनाओं की भी जानकारी दी गई एवं किसानों से वृक्षारोपण एवं जल बचत करने की अपील की। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी रामनिवास पालिवाल संयुक्त निदेशक कृषि विभाग मौजुद रहे।

**सूचना** यह है कि हमारी एक भागीदारी फर्म है जिसका नाम धर्मनाथ कन्ट्रक्सन कंपनी है जो बालरासर आथूना चूरू में स्थित है इसके हम चार भागीदार हैं जिसमें कन्हैया लाल, महेश कुमार, सुरेश कुमार व भगवानाराम है इसमें सुरेश कुमार सैनी 01.04.2024 से अपनी स्वेच्छा से रिटायर हो रहा है इसमें किसी को भी कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में संपर्क करें।

**कन्हैयालाल**

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:एस.एण्ड.टी/बी.के.एन ईटी** 295 **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के सादुलपुर-चुरु एवं चुरू-सतनगढ़ खंड में TWS के प्रावधान तथा सादुलपुर-बीकानेर खंड में टर्नआउट की गहन स्क्रीनिंग के लिए एस & टी से जुड़े कार्य **अनुमानित लागत मूल्य रू.:** 8077551.79 **Bid Security:** 161600.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 18.07.2024 को 15.00 बजे तक **वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है।:** www.ireps.gov.in 726-AJ/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**नाम व जन्मतिथि परिवर्तन**

मैं भंवरी पत्नी स्व. लाल खान निवासी वार्ड नं. 39 मोहल्ला गुजरान, सुनारों के कुवे के पास तह. चूरू व जिला चूरू, मैं शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि मेरे पति के सेना के सर्विस रिकार्ड नं. 2656373-के, में भूलवंश मेरा नाम भहुरी Bhhuri एव जन्मतिथि 09.02.1949 दर्ज हो गया। जबकि मेरा सही नाम भंवरी Bhanwari व जन्मतिथि 01.01.1953 है। अब मैं इसे सही करवाकर सेना रिकार्ड में मेरा नाम भंवरी Bhanwari जन्मतिथि 01.01.1953 दर्ज करवाना चाहती हूँ जो किया जावें। शपथ ग्रहिता-भंवरी

**विचार्य विषयों के निर्धारण के लिए प्रतिवादी के नाम आव्हान पत्र**

(आर्डर 5 रूल जाब्ता दीवानी)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय, तारानगर जिला (चूरू)
नं. वाद 36 सन् 2024
सुरेन्द्र सिंह बनाम अरूण कुमार आदि
बनाम

(1) अरूण कुमार पुत्र बुलाकीदास (2) गौरी देवी पत्नी बुलाकीदास (3) देवन्द पुत्र लाभूराम (4) राजेन्द्र कुमार पुत्र बुलाकीदास (5) विजय कुमार पुत्र बुलाकीदास जाति अग्रवाल निवासीगण तारानगर जिला चूरू को सूचित किया जाता है कि क्योंकि वादी ने अदालत हाजा में आपके विरूद्ध एक वाद बाबत खाता विभाजन का दायर किया है अत आपको वाद का उत्तर देने के लिए ता. 29.07.2024 समय 11.00 बजे दिन के व्यक्तिश या वकील द्वारा जो कि मुकदमें हाल से परिचित किया गया है मुकदमें सम्बन्धी समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके याजिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुये तो आपकी अनुपस्थिति में सुनकर निर्णय कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय को मुद्रा युक्त दिनांक 25.06.2024 को जारी किया गया।

मोहर अदालत
**आज्ञा से**
**उपखण्ड अधिकारी**
**तारानगर (चूरू)**

संख्यांक-6

**न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी सीकर कैंप कोर्ट झुन्झुनू**

**(अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्याक्षी को सूचना (आदेश 41 नियम 14 जा.दी.)**

प्रेषित- 1. मरवण पुत्री नोरंग, 2. शान्ति स्त्री नौरंग, 3. राजबाला पुत्री नौरंग, 4. मनीष पुत्र विनोद कुमार, 5. मोनिका पुत्री विनोद कुमार, 6. सरती देवी पत्नी रूपचन्द, 7. वेदप्रकाश पुत्र रूपन्द, 8. सत्यवान पुत्र रूपन्द, 9. सुरेश पुत्री रूपन्द, 10. बाला पुत्री जगराम, 11. सुमन पुत्री जगराम, 12. जितेन्द्र पुत्र कृष्ण सिंह जाति समस्त जाट निवासीगण नानवास तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं।

आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर बुहाना द्वारा मु.नं. 9/2019 में पारित निर्णय दिनांक 09.07.2019 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील उनवानी दयानन्द बनाम मृतक सुलतान मु.नं. 55/2019 पेश कर रखी है जिसमें सुनवाई की तारीख दिनांक 26.06.2024 नियत है किसी को उज्र हो तो इस न्यायालय में 9.00 बजे सुबह उपस्थित होकर उज्र जाहिर करें अन्यथा न्यायालय विधि अनुसार कार्यवाही करें।

यह आज दिनांक 18 जून 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

मोहर अदालत
**न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी**
**सीकर कैंप झुंझुनूं**

## नर्सरी में तैयार छायादार, फलदार, फूलदार के पौधे

**रतनगढ़।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना टीओफआर (ट्री आउटसाइड फोरेस्ट इन राजस्थान) के तहत वन विभाग की ओर से स्थानीय रतनगढ़ की नर्सरी में इस बार हजारो पौधे तैयार किए गए हैं। मॉनसून पूर्व अच्छी बारिश को देखते हुवे इन पौधों का आगामी 1 जुलाई से वितरण शुरू किया जायेगा। स्थानीय मेगा हाईवे पर जालान कॉलेज के सामने क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय में स्थित पौधशाला में तैयार पोधो का वितरण सुबह 9 से 1 बजे तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक किया जायेगा।क्षेत्रीय वन अधिकारी राकेश सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष रतनगढ़ नर्सरी में 60 हज़ार तैयार पौधों के वितरण करने का लक्ष्य दिया गया है। जिनमें कुछ पौधे रतनगढ़ नगरपालिका व ग्राम पंचायतों को वितरण किया जाएगा, इसके अलावा अन्य शेष पौधों को आमजन हेतु वृक्षारोपण करने के लिए वितरित किए जाएंगे। जिनमें वन विभाग की ओर से 2 फुट तक पौधे में 6 रूपये प्रति पौधे, 2 से 3 फुट पौधे के 10 रूपये प्रति पौधे व 3 से 5 फुट पौधे के 15 रूपये प्रति पौधे की दर से वितरित किये जायेगे। प्रभारी सुशीला सैनी ने बताया कि नर्सरी में छायादार, फलदार, फूलदार, औषधीय पौधों का वितरण किया जायेगा।

छायादार किश्म के पौधों में शीशम, नीम, अर्जुन, गुलमोर, आंवला, अरडू, सेंजना, बड़, पीपल, सरेश, आदि के पौधे तैयार किए गए हैं। इसी प्रकार फलदार पौधों में पपीता, अनार, नींबू, मीठा नीम, बिल पत्र, शहतूत, इमली तथा फूलदार में गुलाब, गुडल, सदाबहार, कनेल, लाल व पीली कनेल आदि पौधे हैं। पौधशाला में औषधीय पौधे भी उपलब्ध है। नर्सरी में पोधो को तैयार करने में प्रभुदयाल स्वामी, सीताराम सैनी, प्यारेलाल सहित अनेक वन विभाग के कर्मचारी व नगरवासी सहयोग कर रहे हैं।

## विधायक गोदारा ने की जनसुनवाई

**रतनगढ़।** विधायक पूसाराम गोदारा ने अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए साथ ही अनेक समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया।

विभिन्न ग्रामों एवं शहर से आए लोगो ने अपनी समस्याओं से विधायक गोदारा को अवगत करवाया। विधायक ने एक-एक कर सभी ग्रामीणों व शहरवासियों की पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा, नगर पालिका आदि विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना और अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं का जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

## चिकित्सा शिविर में 460 लोग हुए लाभान्वित



निशुल्क नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर श्री कृष्ण गौशाला पातुसरी में संपन्न हुआ।

■ शिविर में 286 लोगों के आंखों की जांच कर दवाइयां वितरण की गई एवं आधुनिक मशीनों द्वारा जांच कर 114 चश्में वितरण किए

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा बाल गोविंद इंडस्ट्रीज वीर सुरेंद्र कुमार मोहनलाल अग्रवाल के सौजन्य से टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन श्री कृष्ण गौशाला पातुसरी में संपन्न हुआ। शिविर में 286 लोगों के आंखों की जांच कर दवाइयां वितरण की गई एवं आधुनिक मशीनों द्वारा जांच कर 114 चश्में वितरण किए गए। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 23 लोगों को चयनित किया गया।

जिनके ऑपरेशन बुधवार को कराए जाएंगे। मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के 174 रोगियों की जांच अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल टीम द्वारा की गई। शिविर में कुल 460 लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, पवनकुमार खेतान, ओमप्रकाश ककराणिया, प्रदीप शुक्ला, भानीराम टेलर, दशरथसिंह टेलर, राकेश कुमार, भामाशाह मोहनलाल बंका, पुरुषोत्तमलाल बंका, बुद्धिप्रकाश बंका, सुरेंद्र कुमार बंका, महेशकुमार अग्रवाल, हवासिंह, श्योपाल सिंह, विजय कुमार शर्मा, कृपा, सुनील, अकराज कुरैशी, तैयब अली व काफी संख्या में गौसेवक, ग्राम के गणमान्य जन, भामाशाह परिवार एवं वीर वीराएं उपस्थित रहे।

## जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित

**सीकर।** जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने मंगलवार को जिला निष्पादन समिति की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों, चारदीवारी, खेल मैदान, आधार एवं जन आधार नामांकन की विस्तार से समीक्षा कर आधार एवं जनाधार के मध्य की त्रुटि को कार्य योजना बनाकर दूर करने के निर्देश दिए ताकि स्कूली बच्चों को समय पर डीबीटी के माध्यम से स्कॉलरशिप मिल सके।

जिले की रैंकिंग गिरकर दसवें स्थान पर पहुंचने पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारी को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने विद्यालयों में पेयजल स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विद्यालयों में पेयजल स्थिति के संबंध में गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर श्रीमाधोपुर सीबीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक लालचंद, सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह, जिला साक्षरता अधिकारी राकेश कुमार लाटा, उपनिदेशक आईसीडीएस धर्मवीर मीणा, सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल सहित सभी ब्लॉकों के सीबीईओ एवं शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

**रावतभाटा राजस्थान साईट, एन.पी.सी.आई.एल.**

**ईओआई आमंत्रण संख्या, आरआरसाईट/सीएमआर/2023-24/01**

एन.पी.सी.आई.एल. आरआर साईट दो साल की अवधि के लिए सी.एस.आर. के अंतर्गत दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्ट और स्वायत्त संगठन आदि से ई.ओ.आई. आमंत्रित करती है। परियोजना की अनुमानित लागत रूपये 1,63,22,460/- (एक करोड तिरेसठ लाख बाईस हजार चार सौ साठ मात्र) है। उपरोक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाले इच्छुक पक्ष www.npcil.nic.in से दस्तावेज डाउनलोड कर सकते है। या अधोहस्ताक्षरी से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सते है। प्रस्ताव 17.07.2024 को 11 बजे तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
संबंधित व्यक्ति- प्रवीण कुल्हरी, प्रोजेक्ट प्रभारी, आरआर साइट।
ईमेल pkulhari@npcil.co.in मोबाइल 9412768253
CBC 48132/12/0007/2425

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल रावतसर**
**जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax: 01537-250043 - Email: nprawatsar1977@gmail.com
Phone: 01537-250043

क्रमांक- न.पा.रा./भूमि/2024/576 दिनांक-24.06.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शीलवन्ती पत्नि श्री जयपाल जाति जाट साकिन 5एलके लखवाली हैड तहसील व जिला हनुमानगढ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर राजस्व चक 17 डीडब्ल्यूडी में स्थित शिव कॉलोनी द्वितीय में आवासीय भूखण्ड सं. 18 साईज 25 गुणा 50 यानि 1250 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री रायसाहब पुत्र श्री हेमाराम जाति जाट के नाम से जारीशुदा है। श्री रायसाहब ने जरिये पंजीकृत दान पत्र दिनांक 07.06.2024 को श्रीमती शीलवन्ती पत्नि श्री जयपाल को दान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहती है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण जारी करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**(शैलेन्द्र कुमार गोदारा)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका रावतसर**

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल रावतसर**
**जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax: 01537-250043 - Email: nprawatsar1977@gmail.com
Phone: 01537-250043

क्रमांक- न.पा.रा./भूमि/2024/570 दिनांक-24.06.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राज सरावगी पत्नि श्री राधाकृष्ण साकिन वार्ड नं. 06 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर वार्ड नं. 03 हाल वार्ड नं. 15 में आवासीय भूखण्ड साईज 49 गुणा 20 का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा साईज 444.63 वर्गगज का श्री शिवभगवान पुत्र श्री रूघलाल, मदनलाल पुत्र श्री मांगीलाल व रमेश कुमार पुत्र श्री लक्ष्मण दास के नाम से जारीशुदा है। इसमें से श्री शिवभगवान पुत्र रूघलाल ने जरिये वसीयतनामा दिनांक 27.05.1998 को उक्त भूखण्ड साईज 49 गुणा 20 की वसीयत श्रीमती राज सरावगी पत्नि श्री राधाकृष्ण के नाम कर दी। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण जारी करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विार नहीं किया जावेगा।

**(शैलेन्द्र कुमार गोदारा)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका रावतसर**

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर जन स्वास्थ्य संदेश दिवस मनाया गया

**पाटन।** राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत आज सामुदायिक उत्सव के रूप में नीमकाथाना ब्लॉक के सभी 260 आंगनबाड़ी केंद्रों पर जन स्वास्थ्य संदेश दिवस मनाया गया । समुदाय आधारित इस गतिविधि में गर्भवती व धात्री महिलाएं किशोरी बालिकाएं स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडल आदि की सदस्य शामिल हुई।

इस उत्सव के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जन समुदाय को सार्वजनिक स्वच्छता से संबंधित संदेश -जैसे हाथ धोना, स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक और संतुलित भोजन, प्रसव पूर्व जांच की आवश्यकता, गर्भावस्था के दौरान आयरन की गोली लेने का महत्व , गर्भावस्था के दौरान वजन का नियमित तौर पर बढ़ना, वृद्धि की नियमित निगरानी, आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाले पूरक पोषाहार के महत्व आदि पर चर्चा की गई।।आंगनबाड़ी केंद्र चला सी एवं बन्धावाला पर आयोजित कार्यक्रम में जिला उपनिदेशक संजय चेतानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को कुपोषण और उसके दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कुपोषण के कारण भारत में बड़ी संख्या में कम वजन के बच्चों का जन्म होता है , वहीं बच्चों की उम्र की तुलना में नाटापन होना भी कुपोषण के कारण ही होता है कुपोषण के कारण ही लगभग 57 भारतीय महिलाएं खून की कमी या एनीमिया से ग्रस्त हैं 10 से लेकर 20 कुपोषित बच्चों की ढाई वर्ष की आयु तक पहुंचते पहुंचते मृत्यु हो जाती है।




पाटन में राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत सामुदायिक उत्सव के रूप में नीमकाथाना ब्लॉक के सभी 260 आंगनबाड़ी केंद्रों पर जन स्वास्थ्य संदेश दिवस मनाया।

■ सभी पात्र लाभार्थियों को इन जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया

■ राष्ट्रीय पोषण मिशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अंशुल श्रीवास्तव ने भी राष्ट्रीय पोषण मिशन के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डाला

कुपोषण के इस दुष्चक्र को हमारे खान-पान की आदतों में बदलाव करके आसानी से रोका जा सकता है,जैसे बाजरे के प्रयोग से आयरन की कमी दूर हो सकती है , सब्जी में पत्तेदार सब्जियां जैसे पलक ,चौलाई, बथुआ मेथी, मूली ,सरसों आदि का प्रयोग किया जाए भूने हुए चने ,मूंगफली, तिल का प्रयोग आयरन कैल्शियम तथा प्रोटीन की पूर्ति में विशेष सहायक होता है। वही भोजन को लोहे की कढ़ाई आदि में पकाया जाना चाहिए जिससे भोजन में आयरन की मात्रा बढ़ती है। एवं प्रतिदिन भोजन में विटामिन सी के लिए नींबू संतरा या आँवला आदि का उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक श्रीमती कमला ने उपस्थित जनसमुदाय को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना, एवं मुफ्त सेनेटरी नैपकिन की उड़ान योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी पात्र लाभार्थियों को इन जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पोषण मिशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अंशुल श्रीवास्तव ने भी राष्ट्रीय पोषण मिशन के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डाला।

## पहले ही दौरे में छाप छोड़ गए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत

**झुंझुनूं।** अकसर बड़े पदों पर बैठने के बाद लोग संस्कारों को निभाने में संकोच करते है। लेकिन सूबे के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने मान-सम्मान और संस्कारों को निभाने में कोई संकोच ना करके मिसाल पेश की है।

अविनाश गहलोत झुंझुनूं जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद जब झुंझुनूं आए तो उन्होंने अपने बड़ों का सम्मान करने में जरा सी भी हिचकिचाहट नहीं की। अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के लवाजमे के साथ वे जब केशव आदर्श विद्या मंदिर पहुंचे तो गाड़ी से उतरते ही उन्हें मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत दिखाई दी। यहां पर कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, एसपी राजर्षि राज वर्मा समेत अन्य भाजपा नेता भी मौजूद थे। लेकिन अविनाश गहलोत ने सब काम बाद में किए। सबसे पहले संतोष अहलावत के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। जिसे देखकर एक बार तो सब हतप्रभ रह गए। लेकिन बाद में अविनाश गहलोत के संस्कारों की चर्चा कही। इसी दौरान दुसरा वाक्या तब देखने को मिला।

जब अविनाश गहलोत रोड नंबर दो पर भाजपा नेता व समाजसेवी गुलजारीलाल शर्मा वेदजी के घर पहुंचे। यहां पर गुलजारीलाल शर्मा वेदजी जब घर के बाहर माला लेकर मंत्री गहलोत का स्वागत करने आए तो यहां पर भी सबके सामने अविनाश गहलोत ने गुलजारीलाल शर्मा वेदजी के पैर छुए और आशीर्वाद लिया। अविनाश गहलोत सूबे के केबिनेट मंत्रियों में शामिल है। उनकी इस संस्कारभरी सादगी को देखकर लोग गहलोत की जमकर तारीफ कर रहे है। अक्सर मंत्री बनने के बाद नेता इस तरह सबके सामने संस्कार निभाने में हिचकिचाहट महसूस करते है। लेकिन अविनाश गहलोत ने पूरी सादगी के साथ मान-सम्मान का संस्कार निभाकर सभी दिल जीत लिया।

## नवनीत व ख्वाहिश को ब्रॉन्ज मेडल मिला

**झुंझुनूं ।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने राज्य की टीम से भाग लिया। इसमें नवनीत व ख्वाहिश ने ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान किक बॉक्सिंग ऑर्गनाइजेशन, संबद्ध वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फैडरेशन मान्यता प्राप्त युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, सदस्य वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा हुआ।

प्रतियोगिता 10 से 14 जून को सिलीगुडी वेस्ट बंगाल में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान स्कूल परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन जीएल कालेर ने सभी सफल बच्चों को सम्मानित किया व जीत की बधाई दी।

इस अवसर पर संस्थान निदेशक निर्मल कालेर, एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल महेंद्र सैनी, कोच संदीप योगी, टीम मैनेजर मधु कुमावत, दिलबर नेगी तथा सभी विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।